# उप्र में निवेश बढ़ाएगा लुलु ग्रुप विदेशी पूंजी लाने का भी भरोसा



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, लुलु ग्रुप के सीएमडी यूसुफ अली एमए व उप्र राज्य परिवर्तन आयोग के सीईओ मनोज कुमार सिंह ●लुलु ग्रुप

**लखनऊ** : स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन में पहुंचे लुलु ग्रुप इंटरनेशनल के चेयरमैन यूसुफ अली एमए ने कहा कि समूह उत्तर प्रदेश में अपने निवेश को और विस्तार देगा और अन्य देशों से भी राज्य में निवेश लाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक समाचार एजेंसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्योग समर्थक हैं। राज्य सरकार से लुलु ग्रुप को निरंतर सहयोग मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में समूह के फूड प्रोसेसिंग प्लांट संचालित हैं। लखनऊ स्थित लुलु माल में अपेक्षा से अधिक फुटफाल दर्ज हो रहा है, जबकि नोएडा में नए माल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यूसुफ अली ने कहा कि उप्र निवेश के लिए अत्यंत अनुकूल राज्य बन चुका है और उन्होंने मुख्यमंत्री से अधिक निवेश तथा विदेशी पूंजी लाने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात और भारत के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच मजबूत व्यक्तिगत संबंध द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ कर रहे हैं। दावोस यात्रा को सीखने का अनुभव बताते हुए कहा कि वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत से संवाद के नए अवसर यहां मिलते हैं। (वि.)